yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

# यश भारत

• वर्ष- 19 अंक-103 • जबलपुर • बुधवार, 14 मई , 2025 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 2 • विक्रम संवत् 2082


किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है !!


भारत-पाक तनाव के बीच कृति खरबंदा... पेज 7




# भारत के 52वें CJI बने जस्टिस बीआर गवई, राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई



नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in

जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को CJI पद की शपथ दिलाई। मौजूदा CJI संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। CJI खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है।

### दूसरे दलित CJI होंगे जस्टिस गवई, डिमॉनेटाइजेशन को सही बताया था

जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआई होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे। सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में जस्टिस गवई कई ऐतिहासिक फैसलों में शामिल रहे हैं। उनमें मोदी सरकार के 2016 के डिमॉनेटाइजेशन के फैसले को बरकरार रखना और चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना शामिल है। जस्टिस गवई के बाद जस्टिस सूर्यकांत वरिष्ठता सूची में आते हैं। संभावना है कि उन्हें 53वां चीफ जस्टिस बनाया जाएगा।

### जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया। 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

# नाम बदलने से सच नहीं बदलेगा

## भारत ने चीन को भेजा सख्त संदेश, कहा- अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा

नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in

चीन लगातार भारत के खिलाफ कदम उठाने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में चीन ने पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया। वहीं, अब चीन अपनी सीमा से लगे भारतीय इलाकों के ऊपर एक बार फिर से दावा ठोक रहा है। दरअसल, चीन ने एक बार फिर से पूर्वोत्तर भारत के राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने की बेकार कोशिश की है। अब भारत ने भी चीन के इस कृत्य का तगड़ा जवाब दिया है।





### व्यर्थ और निरर्थक प्रयास- भारत

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने पर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने चीन को जवाब भेजा है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा- च्च्हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में जगहों के नाम बदलने के अपने व्यर्थ और निरर्थक प्रयासों को जारी रखा है। हमारे सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, हम ऐसे प्रयासों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।

### क्या है भारत-चीन का विवाद?

भारत और चीन के बीच की सीमा को वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) कहते हैं। मैकमोहन रेखा भारत के अरुणाचल प्रदेश को तिब्बत से अलग करती है। हालांकि, चीन इसे मान्यता नहीं देता और अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बता कर इस पर दावा करता है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जांगनान कहता है। भारत हमेशा से यह कहते हुए चीन के दावों को खारिज करता रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है।दरअसल, चीन अक्सर अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने की कोशिश करता रहा है. पिछले साल अप्रैल में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नाम बदलकर चीनी और तिब्बती नाम रख दिए थे.

### अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग- भारत

चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों के नाम बदलने पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल चीन को सख्त संदेश भेजते हुए कहा- च्च्नाम बदलने का काम इस निर्विवाद वास्तविकता को नहीं बदलेगा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

### चीन कब-कब कर चुका हिमाकत

इससे पहले साल 2017 में चीन ने भारतीय क्षेत्र के छह स्थानों के लिए मानकीकृत नामों की शुरुआती लिस्ट जारी की थी. इसके बाद 2021 में 15 स्थानों वाली दूसरी लिस्ट जारी की गई. 2023 में 11 जगहों के नाम बदलने वाली एक और लिस्ट चीन ने जारी की थी. फिर अप्रैल 2024 में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 स्थानों के नामों की एक लिस्ट जारी की.

### जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

# श्रीनगर में 11 जगहों पर छापेमारी 150 लोग निशाने पर

श्रीनगर • एजेंसी
yashbharat.co.in

भारत की सेनाओं ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। पाकिस्तान और उसके आतंकी संगठनों के ऊपर बड़ी कार्रवाई की गई है। इस बीच अब जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने भी पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की है। पुलिस ने जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 11 जगहों पर छापेमारी की है। आइए जानते हैं क्या है पुलिस के इस ऑपरेशन का मकसद।



### आतंकवादियों के खिलाफ सख्त अभियान

जम्मू-कश्मीर में पुलिस ने पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमलों के बाद 150 आतंकवादियों या उनके सहयोगियों के घरों पप छापेमारी हुई है। पुलिस की ये कार्रवाई आतंकी कार्यों को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को खत्म करने के मकसद से की जा रही है।

### पुलिस ने क्या बताया?

जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रवक्ता ने कहा है कि इस अभियान के तहत बैन किए गए आतंकी संगठनों के आतंकी सहयोगियों को निशाना बनाया जा रहा है। पुलिस की ओर से,क्क कानून के तहत दर्ज किए गए केस में जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस म में मंगलवार को 11 ठिकानों पर छापा मारा गया है। जम्मू कश्मीर के शोपियां में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। ये तीनों आतंकी लश्कर-तैयबा के थे। भारतीय सेना ने बताया है कि इन आतंकियों को ऑपरेशन केलर के तहत आतंकी संगठन के तीन सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट को शोकल केलर, शोपियां के सामान्य क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद मुठभेड़ में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया।

# सेब के बाद अब ‘तुर्की’ से नहीं आएगा मार्बल

## व्यापारियों ने पाकिस्तान को सपोर्ट करने वाले पर लिया एक्शन

नई दिल्ली • एजेंसी
yashbharat.co.in



भारत में तुर्की के खिलाफ गुस्सा देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी हमला कराया, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया। इसी बीच तुर्की पाकिस्तान के साथ खड़ा नजर आया। तुर्की के साथ भारत का काफी बड़ा बिजनेस चलता है। अब उसके रुख को देखते हुए भारत के व्यापारियों ने तुर्की के साथ काम न करने का ऐलान किया है। इस पर उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स कमेटी के अध्यक्ष कपिल सुराना का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा कि ‘भारत सरकार अकेली नहीं है, अपने देश के साथ हम सब व्यापारी खड़े हैं।

### भारत सरकार के साथ व्यापारी

कपिल सुराना का कहना है कि ‘सिर्फ उदयपुर ही नहीं, अगर सभी मार्बल एसोसिएशन तुर्की के साथ अपना व्यापार बंद कर देंगे, तो इससे दुनिया को एक बड़ा संदेश जाएगा। सबको पता चलेगा कि भारत सरकार अकेली नहीं है, बिजनेस और सभी भारतीय हमारी सरकार के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ‘अगर हम तुर्की के साथ व्यापार बंद कर देते हैं, तो भारतीय मार्बल की मांग बढ़ जाएगी।’ उन्होंने कहा कि ‘अभी मार्बल के अलावा भी एक समान पर रोक लगाई जानी चाहिए, जो तुर्की से आता है। इससे दूसरे देशों को ये मैसेज जाएगा कि भारत कोई भी फैसला लेने में सक्षम है।’ आपके बता दें कि इससे पुणे के व्यापारियों ने भी तुर्की से सामान न खरीदने का फैसला किया था। व्यापारियों ने तुर्की के बजाय हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, ईरान से सेब खरीदने का फैसला किया है।

# मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर ने की मांग, जीतू पटवारी ने लिखा पीएम को पत्र

## इंदौर में पार्षद बोली- मुंह काला करने वाले को 51 हजार दूंगी

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in



कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग भी की है।वहीं, इंदौर में कांग्रेस पार्षद यशस्वी पटेल ने घोषणा की है कि वे मंत्री शाह का मुंह काला करने वाले को 51 हजार रुपए का इनाम देंगी। इससे पहले महिला कांग्रेस और सेवादल ने मंत्री विजय शाह का पुतला जलाया। नारेबाजी की। कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के पोस्टर का दूध से अभिषेक किया।

# बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को पाकिस्तान ने छोड़ा, अटारी बॉर्डर से आए भारत

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in



आज बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ, जो 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में थे, को संयुक्त चेक पोस्ट अटारी, अमृतसर के माध्यम से लगभग 1030 बजे भारत को सौंप दिया गया। यह हस्तांतरण शांतिपूर्ण तरीके से और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया।20 दिन पहले पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान पुर्नम कुमार साहू को पकड़ लिया था। पहलगाम हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को पुर्नम गलती से पाकिस्तान बॉर्डर में चले गए थे। इसके बाद से वह लापता थे। उनकी गर्भवती पत्नी, पति की वापसी के लिए लगातार प्रयास कर रही थीं। बंगाल के रहने वाले BSF कांस्टेबल पूरन कुमार शॉ बुधवार को भारत लौट आए। उन्हें पाकिस्तान में 23 अप्रैल से रखा गया था। वह वाघा-अटारी बॉर्डर से भारत आए। पूर्णम कुमार शॉ को तब पकड़ा गया था जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बहुत बढ़ गया था। यह तनाव जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए एक हमले के बाद और बढ़ गया था।पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में तैनात चालीस वर्षीय साहू 23 अप्रैल को अनजाने में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर गए थे।

# महाकोशल के चिकित्सा जगत में अपोलो हॉस्पिटल बड़ी उपलब्धि : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन व महाकौशल की प्रथम पेट स्कैन का किया उद्घाटन

जबलपुर • यशभारत
yashbharat.co.in

*मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार शाम नए आरटीओ भवन के पास नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक पेट स्कैन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हॉस्पिटल परिसर में श्री राधाकृष्ण की मूर्ति के प्रतिस्थापना कार्यक्रम में शामिल हुए तथा हॉस्पिटल का भ्रमण भी किया।*



नवनिर्मित अपोलो हॉस्पिटल की कैंसर यूनिट, लिनेक मशीन और महाकौशल की प्रथम अति आधुनिक पेट स्कैन का उद्घाटन के पूर्व पूजन करते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव साथ में सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ शोभीत बड़ेरिया व विधायक गण

### बड़ेरिया परिवार ने चिकित्सा के क्षेत्र में कई सौगातें दीं

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जबलपुर न सिर्फ महाकौशल बल्कि विंध्य, बुंदेलखंड व मध्यप्रदेश का केंद्र है। ऐसे में जबलपुर में अपोलो हॉस्पिटल का शुभारंभ बड़ी उपलब्धि है। मां नर्मदा की नगरी संस्कारधानी में सभी प्रकार की सुविधाओं के साथ इस नई सौगात के लिए मैं चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ. शोभित बड़ेरिया और उनके पूरे परिवार को व्यक्तिगत रूप से बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कष्ट के समय हॉस्पिटल भगवान के मंदिर की तरह लगता है। बड़ेरिया परिवार ने संस्कारधानी को चिकित्सा के क्षेत्र में कई सौगातें दी हैं। इस नाते परमात्मा ने आपको धनवंतरी भगवान का आशीर्वाद भी दिया है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा के लिहाज से अपोलो हॉस्पिटल में सब कुछ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने की। सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पनागर विधायक श्री सुशील तिवारी इंदू, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक संतोष बरकड़े, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

### बड़ेरिया हाउस पहुंचे सीएम

इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बड़ेरिया हाउस पहुंचे और बागेश्वरधाम सरकार पं. धीरेंद्र शास्त्री से सौजन्य भेंट की। इससे पूर्व अपोलो हॉस्पिटल में चेयरमैन डॉ. सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ. शोभित बड़ेरिया ने मुख्यमंत्री का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया।


### गुरुदर्शन व आशीर्वचन आज

अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल के शुभारंभ अवसर पर बुधवार 14 मई को शाम 6.00 बजे बागेश्वर धाम सरकार पूज्य पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। ग्लोबल कॉलेज परिसर में गुरुदर्शन एवं आशीर्वचन कार्य म आयोजित होगा। इससे पूर्व बागेश्वर धाम सरकार के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल का लोकार्पण किया जाएगा।


-विस्तृत पेज 4-5 पर





















## मुख्यमंत्री ने करीब 28 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले सांदीपनि विद्यालय का किया भूमि पूजन

# निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा और संस्कार सांदीपनि विद्यालयों में मिलेंगे-मुख्यमंत्री

जबलपुर, यश भारत।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सी.एम. राइज स्कूलों का नामकरण सांदीपनि विद्यालय करने के संबंध में कहा कि मुख्यमंत्री तो बनते रहेंगे। लेकिन जो शिक्षा और संस्कार जिस विद्यालय से प्राप्त हो वो सांस्कृतिक वैभव दिखाने वाले होने चाहिए। जो भगवान के गुरु बने हों, ऐसे गुरु के नाम पर विद्यालय होना गौरवशाली बनाता है और सांदीपनि गुरू ने तो भगवान गोपाल कृष्ण को शिक्षित किया था। इसलिए उनके नाम पर विद्यालय का नाम होना गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक जो शिक्षा प्रायवेट स्कूलों में मिलती थी,उससे बेहतर शिक्षा का केंद्र सांदीपनि विद्यालय बनेंगे। इन स्कूलों में भी बेहतर प्रयोगशालाएं और खेल मैदान के अलावा उत्कृष्ठ शिक्षक होंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात आज संस्कारधानी व न्यायधानी के रूप में विख्यात जबलपुर में सांदीपनि विद्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुये कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया भारत की प्रतिभा का सम्मान कर रही है। काम तो कई करते है लेकिन हम नवनिर्माण करते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने मात्र 4 दिन के भीतर पाकिस्तान को धूल चटाने का काम किया है। उन्होंने सेना के शौर्य की प्रशंसा करते हुये कहा कि देश के दुश्मनों के साथ जैसे किया जाता है, वैसा ही सबक हमारी सेना और सरकार ने सिखाया है। पलक झपकते ही करारा जवाब देना हमारे देश की सेना से सीखना चाहिए। सेना का असर ऐसा हुआ कि दुश्मन देश को रात के अंधेरे में ध्वस्त कर दिया। जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश के साथ-साथ जबलपुर भी प्रगति पथ पर अग्रसर है। समारोह को महापौर श्री जगत बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधायक सर्वश्री अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े, नगर निगम आयुक्त श्री रिकुंज विज और भाजपा नगर जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित स्कूल प्रबंधन के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्नोई के निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री

मंगलवार को जबलपुर प्रवास पर पहुँचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पाटन क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व केबिनेट मंत्री श्री अजय विश्नोई से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, सांसद श्री आशीष दुबे, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक श्री अशोक रोहाणी, विधायक श्री सुशील कुमार तिवारी इंदु, डॉ अभिलाष पांडे, भाजपा के नगर अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर एवं ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटेल भी मौजूद थे।



### सर्वसुविधायुक्त होगा सांदीपनि विद्यालय

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बरगी हिल्स क्षेत्र में जिस सांदीपनि विद्यालय का भूमिपूजन किया गया। इस विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के लिए सर्वसुविधा उपलब्ध होगी। 11.62 एकड क्षेत्र में 27.84 करोड़ की लागत निर्मित होने वाला विद्यालय तीन मंजिला होगा, जिसमें केजी-1 से कक्षा 12 वी तक के 1960 विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। सांदीपनि विद्यालय में मिड-डे-मिल, मल्टीपर्पज हॉल, 200मी. रनिंग ट्रेक, बास्केट बॉल कोर्ट, बैंडमिंटन कोर्ट एवं खो-खो मैदान भी बनेंगे। विद्यालय में 57 क्लासरूम के साथ-साथ भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान तथा कम्प्यूटर कक्ष सहित आधुनिक लाइब्रेरी भी होगी। इसके अलावा आधुनिक विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के कौशल विकास के लिए नृत्य एवं गायन कक्ष के साथ 300 विद्यार्थियो की क्षमता का आधुनिक ऑडिटोरियम का भी बनेगा। संपूर्ण विद्यालय निर्माण के पश्चात बरगी हिल्स एवं समीपवर्ती क्षेत्र के बच्चों का उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदाय की जा सकेगी।

### जबलपुर की पहली केबिनेट नहीं विकास का संकल्प था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में आयोजित हुई केबिनेट के सम्बंध में कहा कि सरकार बनने के बाद जबलपुर में पहली केबिनेट का आयोजन किया गया था। वो सिर्फ केबिनेट नही बल्कि विकास के संकल्प की कैबिनेट थी। उन्होंने संस्कारधानी व न्यायधानी को दुनिया की सबसे आकर्षक नगरी बताते हुये कहा कि मॉ नर्मदा के भव्य तट और भेड़ाघाट की अद्भुत छटा इस क्षेत्र को गौरवशाली बनाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कई नवाचारों की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि सांदीपनि स्कूल से बच्चों को केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार भी मिलेंगे।

# कठौंदा में बायो सीएनजी प्लांट स्वचालित पृथक्करण यूनिट लगेगी



जबलपुर, यश भारत

**शहर में कचरा पृथक्करण को व्यवस्थित करने के लिए ऑटोमेटेड सेग्रिगेशन यूनिट (स्वचालित पृथक्करण प्रणाली) स्थापित करने के साथ ही बायो सीएनजी प्लांट लगाया जाएगा।**

ये सभी काम सिटीज 2.0 के तहत मिलने वाले फंड से स्मार्ट सिटी करेगी। इसके अलावा गोकुलदास धर्मशाला, कन्वेंशन सेंटर, होटल ब्लॉक, शिवनगर, शक्ति नगर गार्डन और राइट टाउन में बन रहे नए मार्केट जैसे प्रोजेक्ट को आय का साधन बनाकर सेल्फ सस्टेनेबल बनाने की दिशा में काम होगा। एजेंसी इस दिशा में प्रयास कर रही है।

**स्मार्ट सिटी कम्पनी सिटीज 2.0 के तहत मिलने वाले फंड से करेगी काम स्वच्छता पार्क का होगा विस्तार**

### स्वच्छता पार्क

कठौंदा में बने स्वच्छता पार्क में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट, सीएंडडी प्लांट, ग्रीन वेस्ट से खाद बनाने का प्लांट, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए गए हैं। इसे स्वच्छता पार्क का नाम दिया गया है। इसकी चर्चा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है। अब इसी के समीप सीएनजी प्लांट, सीएनंजी फ्यूल स्टेशन, ऑटोमेटेड सेग्रीगेशन यूनिट स्थापित कर स्वच्छता पार्क का और विस्तार किया जाएगा।

### बायो सीएनजी प्लांट

कठौंदा में 200 टन का बायो सीएनजी प्लांट स्थापित होगा। शहरभर से एकत्र कचरे का पृथक्करण कर गीले कचरे से सीएनजी गैस बनाई जाएगी। जबकि सूखा कचरा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट भेज दिया जाएगा। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को दुरुस्त करने पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### सीएनजी फ्यूल स्टेशन

कठौंदा में स्थापित होने वाले सीएनजी प्लांट में तैयार बायो सीएनजी गैस का उपयोग नगर निगम अपने वाहनों में करेगा। इसके लिए 150 सीएनजी वाहन खरीदे जाएंगे। इनमें ईंधन भरने के लिए कठौंदा में ही सीएनजी फ्यूल स्टेशन भी स्थापित किया जाएगा।

# प्रधान डाकघर में प्रदर्शनी का आयोजन

जबलपुर यश भारत।

**भारतीय डाक विभाग जबलपुर डाक संभाग द्वारा बुद्ध पूर्णिमाँ के उपलक्ष्य में विगत दिवस बुद्ध पूर्णिमाँ एवं 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पर प्रर्दशनी का आयोजन प्रधानडाकघर में किया गया। ज्ञातव्य हो की भारतीय डाक विभाग द्वारा ऐसे ही समय समय पर, विशिष्ट अवसरों पर ऐसे ही प्रर्दशनी का आयोजन किया जाता रहा है।**



यह कार्यकम मंगल पाटिल वरिष्ठ पोस्टमास्टर प्रधानडाकघर की गारिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टीपोस्टमास्टर श्रीमति छाया त्रिपाठी के द्वारा किया गया इस अवसर पर प्रधानडाकघर कार्यालय का समस्त स्टाफ ग्राहको की गरिमामयी उपस्थिति रही। शहर के वरिष्ठ डाक टिकिट सग्रहकर्ता अरविंद मलिक एवं गिरिश चंद्र गुप्ता ने अपने डाक टिकिट संग्रह का प्रर्दशन किया। अवलोकनकर्ताओं ने इस प्रर्दशनी को ज्ञानवर्धक एवं सार्थक बताया।

### देशी कट्टा खोंसे खडा था पुलिस ने दबोचा

जबलपुर यश भारत। थाना प्रभारी बेलबाग राजकुमार खटीक ने बताया कि बीती रात क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक रामलीला मैदान मंदिर के पास बाई का बगीचा में काले रंग का जींस पेंट तथा काले रंग की हाफ टीशर्ट पहने हुये अपने पास देशी कट्टा रखकर कोई अपराध करने की नीयत से खड़ा है। सूचना पर तत्काल दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का युवक खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा जिसने पूछताछ पर अपना नाम कुनाल कोरी उम्र 22 वर्ष निवासी ताम्रकार मोहल्ला बाई का बगीचा बेलबाग बताया, जो तलाशी लेने पर कमर में एक देशी कट्टा खोंसे मिला जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त देशी कट्टा कहॉ से और कैसे प्राप्त किया।

# नर्मदा भक्तों से अपील ,तट पर गंदगी ना करें

### महिलाओं को स्वच्छता के लिए जागृत किया गया, एवं सेनेटरी पैड वितरित किए गए

जबलपुर , यश भारत/

आज 13 मंगलवार को सुबह बड़ी संख्या में मातृशक्ति के द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कविता दुबे और ब्राह्मण महासभा के सदस्यों नर्मदा तट पर पहुंचकर मां नर्मदा के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं असहाय लोगों को वस्त्र वितरण किया गया। और नर्मदा भक्तों से अपील की नर्मदा तट पर गंदगी ना करें और साबुनों का उपयोग न करें नर्मदा को प्रदूषण से बचाया जाए महिलाओं को स्वच्छता के लिए जागृत किया गया, एवं सेनेटरी पैड वितरित किए गए अभियान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णकांति पाण्डेय, नगर अध्यक्ष शोभा त्रिवेदी, संभाग महामंत्री अपर्णा तिवारी, नगर संगठन मंत्री कीर्ति तिवारी,मधु शर्मा, श्रृद्धा नेमा, अनीता चौबे, सपना तिवारी, मधु बढ़गईया, निधि अवस्थी, निशा पाठक, वर्षा महा, शिखा शर्मा, सौम्या, रविता, आशीष शर्मा, शोभा शर्मा,संगीता आदि का विशेष सहयोग रहा।



### एक पखवाड़े से अदालत मार्ग में पड़ा है गिरा खंभा और पेड़

**जबलपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रवेश द्वार क्रमांक-चार के समक्ष एक पखवाड़े से एक पेड़ व स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरा पड़ा है। लेकिन नगर निगम व विद्युत विभाग को उसे हटाने की परवाह नहीं है। इस वजह से गंभीर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह हद दर्जे की लापरवाही है। आंधी-तूफान में पेड़ व खंभा गिरना स्वाभाविक है। लेकिन जिम्मेदार अमलों को चाहिए कि वे अविलंब सफाई पर ध्यान दें। लेकिन ऐसा न करते हुए पदीय दायित्व के प्रति घोर आलस्य का परिचय दिया जा रहा है। अधिवक्ता अमरदीप सिंह सग्गू सरदार ने अपेक्षा व्यक्त की है कि शीघ्र कार्रवाई होगी।



# कर्मचारियों का हित सिर्फ पुरानी पेंशन में निहित है

जबलपुर यशभारत।

**सरकार लगातार कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है।पहले हमें एनपीएस में डाला ।विरोध होने पर अब यूपीएस में डाल कर छला जा रहा है जो हमारे फेडरेशन को कतई मंजूर नहीं है।इसके लिए आखिरी छोर तक संघर्ष जारी रहेगा।उक्त विचार जी0सी0एफ0 के विद्या नगर द्वार पर जी0सी0एफ0 श्रमिक संघ (मिले हाथ ) की आमसभा आम सभा में भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के मध्य प्रदेश के प्रभारी राम प्रवेश ने रखे।**

उन्होंने कहाकी सरकार द्वारा लगातार कर्मचारियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है जो पुरी तरीके से गलत है। हमारी मांग हमेशा से पुरानी पेंशन की रहीहै। जब तक ओपीएस लागू नहीं हो जाता हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर निर्माणी संबंधी समस्याओ को लेकर यूनियन के महामंत्री राकेश रजक ने कहा की जब हम पहले 700 - 800 करोड़ का काम किया करते थे तो प्रत्येक कर्मचारी को भरपूर ओवर टाइम और पीस वर्क प्राप्त होता था। लेकिन आज कर्मचारी ओवर टाइम और पीस वर्क से वंचित है इसका मुख्य कारण लगातार जाब रेट कटौती है जिसका यूनियन पुरजोर विरोध करतीं है ।आम सभा मे अजय कुवर यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, मनोज धर्मजन, राजेन्द्र वर्मा, रहीम, अभीषेक साहु,रूपेश शर्मा,राकेश राय, दिपाश, तपेन्दर दुबे, सुरेन्द्र राजपूत, परमजीत, विकास, विवेक असाटी, हेमन्त आदि उपस्थित थे ।

**जीसीएफ के द्वार सभा में बीपीएमएस के नेताओं के विचार**

### स्नातक के बाद कॅरियर चुनाव' विषय पर व्याख्यान

जबलपुर यश भारत।शासकीय कन्या महाविद्यालय, रांझी में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, के अंतर्गत 'स्नातक के बाद कॅरियर चुनाव' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने महाविद्यालय की बी.ए एवं बी.काम अंतिम वर्ष की छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि यदि छात्रायें रिसर्च फील्ड में भविष्य बनाना चाहती है ।

# संस्कृतिधानी नगरी है जबलपुर

### आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री ने सेवादारों के परिवारों से की भेंट

जबलपुर यशभारत।

यह शहर संस्कारधानी ही नहीं संस्कृतिधानी भी है।मां नर्मदा के तट पर जबलपुर के लोगों में बहुत सेवा भावना है।यहां शिक्षा के साथ आरोग्य क्षेत्र अग्रणी भूमिका निभाने को तत्पर है।उक्त उद्गार बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने गत दिवस अपोलो जेबीपी हास्पिटल में जबलपुर सेवा मंडल के सदस्यों के परिवार से भेंट के दौरान व्यक्त किए।उन्होंने कहा कि कैसी विडंबना है कि हम शरीर तोड़ कर धन कमाते हैं फिर वही धन शरीर को बचाने में लगाते हैं।सेवादारों को सूत्र देते हुए कहा कि हनुमानजी सच्चे सेवादार थे।उन्होंने कभी अपने को प्रकट नहीं किया और भगवान राम की सेवा की।जिस प्रकार हनुमानजी लंका में तरु पल्लव में रहा लुकाई को आधार बना कर माता सीता से मिलते हैं।उसी तरह सेवा दिखना चाहिए न कि सेवादार दिखे। वाहवाही लूटने के लिए सेवा न करें। आप जैसा काम करेंगे वैसा ही आपको वापिस मिलेगा।जीवन बड़ा विचित्र है।संसार में करोड़ों आ रहे करोड़ों जा रहे लेकिन मजाल है कोई एक सीक लेकर संसार से नहीं जाता।कुछ क्या ले जा सकते हा।.जिस दिन पैदा हुए उस दिन तय है कि मरना है।लेकिन ऐसे मरो कि बादशाह भी लेने आये।भले ही फूटी कौड़ी, मजे पूरे हो, मजा मतलब दूसरे को न सताएं।



### प्यासी परिंदों के लिए एक जीवन दायिनी पहल

जबलपुर यश भारत।गर्मियों की तपिश में जब हर एक प्राणी जल की बूंद के लिए व्याकुल होता है ऐसे समय में अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्ड गंज शाखा अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी ने बताया कि पक्षियों के लिए सकोरे और प्यासे पथिकों के लिए प्याऊ का उद्घाटन प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती मणि जैन एवं कल्पना जैन के सहयोग से किया गया। यह एक अनुकरणीय कार्य किया गया। यह पहल ना केवल मानवीय संवेदनाओं को दर्शाती है बल्कि हमें यह भी सिखाती है कि सेवा केवल इंसानों तक सीमित नहीं है बल्कि हर एक जीव के प्रति होनी चाहिए।

# जनसुनवाई में आये ज्यादातर मामले पारिवारिक एवं जमीनी विवाद के

### मारपीट और साइबर अपराध से जुड़ेमामले भी बड़ी संख्या में

जबलपुर यश भारत।

आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु मंगलवार 13 मई को को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि/परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 53 शिकायतें थी। समस्त शिकायतकर्ताओं को शीध्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा मे करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारियों/राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात/अपराध श्रीमति सोनाली दुबे, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बी एस गोठरिया, उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा आशीष जैन उपस्थित रहे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ली बैठक

# 29 मई से चलाया जाएगा कृषि संकल्प अभियान

जबलपुर यश भारत।

**केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा देशभर में कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से अधिक जिलों में चलाया जाएगा, जिसमें कृषि वैज्ञानिक, मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय कृषिकर्मी मिलकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में किसानों से सीधे संवाद करेंगे। इसका उ?द्देश्य आधुनिक, उन्नत और आदर्श खेती को बढ़ावा देना तथा किसानों को वैज्ञानिक जानकारी और सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है।**




यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ÷लैब टू लैंड÷ मंत्र को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो ÷एक देश, एक कृषि, एक टीम÷ की अवधारणा को मजबूती देगा। इस संदर्भ में केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें देशभर के 731 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), 100 से अधिक आईसीएआर संस्थान और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी हाइब्रिड मोड में शामिल हुए। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव श्री देवेश चतुर्वेदी और आईसीएआर के महानिदेशक डा. एम.एल. जाट भी उपस्थित थे।

अभियान के दौरान किसानों को नई किस्मों, उन्नत तकनीकों, प्राकृतिक खेती, और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वैज्ञानिकों की टीमें मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देंगी और ड्रोन तकनीक, धान की सीधी बुवाई (ष्ठस्क्र), फसल विविधीकरण व मशीनीकरण जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। ढ्ढष्टञ्ज माध्यमों से किसानों को शिक्षित किया जाएगा। राज्य कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन विभागों, आत्मा, एनपीएसएस के अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ/स्न्ढ्ढत्/स॥त्र सदस्य भी इसमें भाग लेंगे। श्री चौहान ने कहा कि इसका असर तीन महीने में खरीफ सीजन तक दिखने लगेगा। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे मन से काम करें जिससे किसानों को सीधा लाभ मिले और देश की खेती को नई दिशा मिले। इसी तारतम्य में, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, जबलपुर के 18 वैज्ञानिकों की 6 टीमों को मध्यप्रदेश के 6 विभिन्न जिलों में यह अभियान क्रियान्वित करने का दायित्व सौंपा गया है, जिसे अटारी जबलपुर, कैवीके एवं राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों के सहयोग से संपादित किया जायेगा। इस अभियान की सफलता हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है, और इसके लिए भारत सरकार ने, सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं सचिवों को पत्र भी प्रेषित किया हैं।

## डोरीलाल की चिंता-62

# राष्ट्रीय संकट और देश सेवा

वो काफी हड़बड़ाया हुआ था। जल्दी में था। उसे तत्काल उसकी समस्या का समाधान चाहिए था। उसने आते ही कहा कि डोरीलाल जी देश संकट में है। युद्ध छिड़ गया है। यही मौका है कि पाकिस्तान का फन कुचल देना चाहिए। कश्मीर पर पूरा कब्जा करने का समय आ गया है। अभी नहीं तो कभी नहीं। हम लोग पाकिस्तान को मिटा डालेंगे। आतंकवाद को जड़ से खत्म करना है। आप यहां घर में आराम से बैठे हैं। चलिए समय आ गया है कि देश के लिए हम अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दें। उसने कुछ नारे भी लगाए। मैंने उसे बैठाया। पानी पिलाया। उससे कहा कि बात क्या है ? और तुम मेरे पास ही क्यों आए हो ? उसने कहा कि देश संकट में है ये जानकर मैं सब काम धंधा छोड़ कर देश सेवा में लग गया हूं। मैं लगातार टी वी चैनलों की ब्रेकिंग न्यूजों पर नजर गड़ाए हुए हूं। लगातार फेसबुक और व्हाट्सएप पर हर पोस्ट दो दो बार पढ़ रहा हूं। मेरा मोबाइल राइफल के समान दनादन पोस्ट मार रहा है। मैंने कहा कि तुम तो देश के लिए काफी काम कर रहे हो फिर तुम्हें ऐसा क्यों लग रहा है कि तुम कुछ नहीं कर रहे हो। देश के लिए तुम्हें काम धंधा बंद करने की जरूरत नहीं है। तुम देश और काम धंधा दोनों एक साथ सम्हाल सकते हो। सब लोग यही कर रहे हैं। तुम चारों ओर देखो किसी ने कोई काम बंद नहीं किया है। सब लोग अपनी नौकरी, अपना धंधा कर रहे हैं। वो सब अपने मोबाइल पर लगातार आन लाइन हैं। मोबाइल बार बार डिसचार्ज होता है। वो बार बार चार्ज



करते हैं। उसे संतोष नहीं हुआ। उसने कहा कि मैं पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहता हूं। मैं पाकिस्तान का नाम दुनिया के नक्शे से मिटा दूंगा। मैं पाकिस्तान को मिट्टी में मिला दूंगा। जो भारत की तरफ आंख उठाकर देखेगा उसकी आंखें फोड़ दूंगा। मैंने उससे कहा कि इसके लिए भारतीय फौज है। मैंने कहा देखो अब समय बदल गया है। लड़ाई का तरीका बदल गया है। अब तुम अपने मोबाइल से फेसबुक और व्हाट्स एप पर विस्फोटक जहरीली पोस्ट लगा करके भी पाकिस्तान को नष्ट कर सकते हो। तुम ऐसा करो कि देश के अंदर दुश्मन बनाओ और उन्हें खत्म कर दो। यही सच्ची देशसेवा तुम कर सकते हो। खत्म करने के लिए तुम्हें कोई फौजदारी एक्शन नहीं लेना है। वो तुम कर भी नहीं सकते। तुम विशेषज्ञ वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त करो। उनका लेखन देखो। कैसे दुश्मन की पहचान की जाती है, कैसे उसे धमकाया जाता है। कैसे उसका नामकरण किया जाता है। वो बोला कि अब मुझे कुछ कुछ समझ आ रहा है। मैंने कहा कि हर लड़ाई की कुछ शब्दावली होती है। उसे सीखो। वैसे तुम इतने भोले नहीं हो। जितने भोले दिखने की कोशिश कर रहे हो। तुम राष्ट्रभक्ति की मिडिल क्लास तक तो पढ़ चुके हो। हायर सेकेन्डरी में हो। तो जो लोग इस विषय में बी ए एम ए कर चुके हैं उनकी पोस्ट पढ़ो। कई पी एच डी भी हैं। उनसे सीखो। आई टी सैल से रेडीमेड माल 24 घंटे सप्लाई किया जाता है। तुम्हें भी 24 घंटे जुटकर ये माल जन जन तक पंहुचाना है। ये काम तुम्हें तुरंत करना होगा क्योंकि महाभारत का युद्ध भी 18 दिन ही चला था। ये युद्ध आखिर कितने दिन चलेगा। अब तुम्हें इतना करना है कि अपने परिचितों, दोस्तों में तुम्हें उन लोगों की खोज करना है जो शांति, प्रेम, सभी धर्मों में सदभाव की बात करते हैं। जो कहते हैं कि युद्ध बुरा है। जब तक जरूरी न हो युद्ध नहीं होना चाहिए। उसमें सेना के लोग और निर्दोष नागरिक मारे जाते हैं। बस इन लोगों को पहचानो और इन्हें देशद्रोही, पाकिस्तान परस्त, स्लीपर सैल वगैरह बोलना शुरू कर दो। तुम्हारा स्तर यदि ऊंचा हो जाए तो तुम इन लोगों को लिबरल्स कह सकते हो। वामपंथी कह सकते हो। ये भी एक गाली है। इसका मतलब तुम्हें समझ नहीं आएगा। मगर तुम बोल सकते हो। इससे तुम अनपढ़ भी न लगोगे। उसने पूछा कि क्या मैं अमेरिका चीन रूस और भारत के पड़ोसी देशों को गाली दे सकता हूं। ये लोग कोई भारत का साथ नहीं दे रहे हैं। मैंने समझाया कि देखो गाली देने में संकोच मत करो। किसी को भी गाली दो पर दो। यह युद्ध का समय है। जी भर के गाली दो। अमेरिका चीन को गाली देकर तुम उनका क्या बिगाड़ लोगे ? उनको हमारी सरकार गाली नहीं दे रही है। तुम तो अपने दोस्तों, मुहल्ले पड़ोस के लोगों में दुश्मनों को ढूंढो और उन्हें गाली दो। सोशल मीडिया नाम का ये लड़ैया बनाया ही इसलिए है कि सब कोई गाली बकें। अभी तुमने देखा तुम्हारे वरिष्ठ और अनुभवी लोगों ने शहीदों की विधवाओं को गालियां दीं। भारत के विदेश सचिव को ही नहीं उसकी लड़की पत्नी को भी गालियां दीं। ये प्रतिभा बहुत अनुभव और साधना से विकसित होती है। गाली बक बक कर हम दुश्मन को खत्म कर सकते हैं। कभी बुद्धि जाग जाए, कभी मन में सवाल उठने लगें, कभी मन में सत्य, अहिंसा, सर्व धर्म सद्भाव के भाव मन में आने लगें तो क्रूरता से उन्हें कुचल देना। कभी लगे कि सारे देशवासी मेरे भाई हैं। सब एक हैं, हिन्दू मुसलमान सिख ईसाई आपस में हैं भाई भाई, तो तुरंत सावधान हो जाना। ये बहुत हानिकारक विचार हैं। जो तुम्हें सिखाया गया है घृणा, घृणा और घृणा वही हमेशा दोहराते रहो। घृणा की चरम अवस्था को प्राप्त करना तुम्हारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। प्रेम से घृणा करो। घृणा से प्रेम करो। इस युद्ध का नशा अभी कुछ दिन रहेगा। फिर ज्योंहि यह नशा उतरने लगेगा, फिर से कुछ किया जाएगा। हमें किसी को सोने नहीं देना है। हमेशा जागते रहो। हमेशा घृणा करते रहो। प्राचीनकाल में जाओ, मध्यकाल में जाओ, आधुनिक काल में जाओ मगर वर्तमान काल में न आओ। तभी 110 रूपये लीटर का पेट्रोल खरीद पाओगे। तभी अपने टैक्स से बने सरकारी एयरपोर्ट पर अडानी एयरपोर्ट्स नाम देखकर गर्व से फूल सकोगे।

*डोरीलाल घृणा प्रेमी*

## आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश ने जारी किया फरमान

# महंगी शराब पर लगेगा अंकुश

## प्रभावी कार्यवाही कर दुकानों में लगवाए रेट लिस्ट अनदेखी करने वाले अधिकारियों पर होगी कार्यवाही

**जबलपुर यश भारत।** **जबलपुर सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों में महंगी शराब बिकने के समाचार नये ठेका होने के बाद से ही सुर्खियों में रहे हैं। निर्धारित एमआरपी से ज्यादा रेट पर शराब बेचने की शिकायतें आये दिन सामने आ रही थी। महंगी शराब को लेकर दुकानदार और ग्राहकों के बीच विवाद और हुज्जत की घटनाओं के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुये। लेकिन जिला स्तर के आबकारी अधिकारी कर्मचारी इस मामले में उदासीन नजर आ रहे थे और इसकी शिकायते आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश तक पहुंच रही थी।**



जिस पर संज्ञान लेते हुए गत दिवस आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश ने आखिरकार एक आदेश जारी किया है। जिसमें अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कौन सी शराब कितने की है इसकी कीमत हर शराब दुकान के सूचना पटल पर अंकित कराने प्रभावी कार्यवाही की जाए। इसके लिए बाकायदा 10 दिन की डेडलाइन भी दी गई है जिसमें सांफ कहा गया है कि बाकायदा एक विशेष अभियान चलाकर यह कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। और जो भी अधिकारी कर्मचारी आदेश का उल्लंघन करते पाया गया उसे पर अनुशासात्मक कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी ठेकेदार या शराब दुकानदार के द्वारा नियमों का उल्लंघन कर आदेश की आव्हेलना की जा रही है तो उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही की जाए। इतना ही नहीं आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अभियान की समाप्ति के उपरांत की गई कार्यवाही का समेकित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की अनिवार्यता रखी जाए। राज्य स्तरीय उड़न दस्ता या फिर किसी विभागीय टीम के द्वारा दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण करने पर मदिरा की बिक्री निर्धारित एमआरपी से ज्यादा दरों में की जा रही है तो उसके खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए यदि ऐसा नहीं होता तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ अनुशासन की कार्यवाही की जाएगी। मध्य प्रदेश आबकारी आयुक्त के द्वारा जारी किए गए इस आदेश के बाद आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है साथ ही ठेकेदार भी इस नए फरमान से परेशान नजर आ रहे है कारण साफ है कि यदि आदेश पर प्रभावी कार्यवाही हो गई तो ठेकेदारों की मनमानी पर भी अंकुश लगेगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस आदेश को स्थानीय अधिकारी कितनी गंभीरता से लेते हैं।

### महंगी शराब को लेकर यश भारत हमेशा उठाता रहा आवाज

जिले में मनमाने दामों में हो रही शराब की बिक्री को लेकर यश भारत अपनी खबरों के माध्यम से लगातार इस मुद्दे को उठाता रहा है। यदि हाल ही की बात की जाए तो गत दिवस 13 तारीख के अंक में ही इसको लेकर समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था इसके पूर्व 5 मई को भी यशभारत ने एमआरपी से ज्यादा रेट पर बिक रही शराब शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था जिसमें कुछ वीडियो का जिक्र भी किया गया था जो वायरल हुए थे जिसमें दुकानदार और ग्राहकों के बीच शराब के दामों को लेकर बहसबाजी और विवाद सामने आये थे। इसके पहले भी यश भारत ने कई समाचार प्रकाशित किए थे।

## शराब दुकान खोली गई तो महिलाएं करेंगी प्रदर्शन

**जबलपुर यशभारत।** पाटन थाना क्षेत्र की नुनसर पुलिस अंतर्गत के कंतोरा के मुख्य मार्ग पर कलारी खोलने के विरुद्ध में ग्राम की सभी महिलाओं ने मिलकर विरोध प्रकट किया। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कंतोरा, सिमरिया, बिलतरा, रानीताल, नीची, हटेपुर, भेड़ाघाट की सभी महिलाओं ने मिलकर पाटन तहसील जाकर एस. डी. एम. एवं अपर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा कि कंतोरा ग्राम में कलारी ना खोली जाये की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पुरुष शराब की नशे में चूर होकर महिलाओं को बेरहमी से मार पीट कर रहे हैं, उनका जीना दुश्वार हो रहा है। महिलाओं में हाहाकार मचा है। वो मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रही हैं। महिलाएं जगह-जगह जाकर प्रशासन से फरियाद कर रही हैं, उनकी प्रताड़नाओं को नहीं सुना जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध है कि शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही की जाये। ग्राम की महिलाओं ने यह सुनिश्चित किया है, कि यदि उपयुक्त कार्यवाही नहीं होगी, तो ग्राम की महिलाएं एकजुट होकर उप मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगी तथा विरोध स्वरूप काला झंडा दिखाकर धरना एवं अनशन करेंगी। ?

## पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका का असर बूंदाबांदी के आसार

**जबलपुर यश भारत।** मौसम के मिजाज में पश्चिमी विक्षोभ और द्रोणिका का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है जिसके कारण जहां आसमान पर बादल है तो वही हल्की बूंदाबांदी की संभावना भी बनी हुई है। यह जानकारी स्थानीय मौसम कार्यालय प्रभारी डीके तिवारी द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा वही आज सुबह न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ जो सामान्य रहा। बुधवार की सुबह न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई और यह 27 डिग्री पर पहुंच गया जबकि आद्रता 54 प्रतिशत आंकी गई। इस बीच 1 मार्च से अब तक 13.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। यदि गत वर्ष की बात करें तो गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री दर्ज किया गया था। जबकि गत वर्ष आज की तारीख तक 30.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी थी। आने वाले 24 घंटे के दौरान मौसम में कुछ बदलाव जरूर आ सकता है क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ के असर का पूर्वानुमान 14 तारीख तक ही बताया गया है। जिसके कारण 15 तारीख से मौसम के साफ होने के आसार बन सकते हैं और फिर तापमान में बढ़त का क्रम भी शुरू हो जाएगा। वर्तमान मौसम में तापमान भले ही 38 डिग्री के आसपास हो लेकिन गर्मी और उमस लोगों को बेचैन कर रही है।

## दसवीं में अविरल जैन का सुयश :98.6% आए



आज सीबीएसई बोर्ड के दसवीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के कोषाध्यक्ष एवं गेल इंडिया के स्वतंत्र निदेशक सीए अखिलेश जैन एवं एड. वर्षा जैन के सुपुत्र अविरल जैन ने दसवीं कक्षा में 98.6% प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है; साथ ही साथ गणित विषय में 100/100 नंबर प्राप्त किए। इसके पूर्व उनकी बड़ी बहन आश्वी जैन ने भी कक्षा 12वीं में 2023 बेच टॉपर एवं सीए इंटरमीडिएट की परीक्षा में ऑल इंडिया 42 रैंक प्राप्त की थी। अविरल ने अपनी इस सफलता हेतु श्रेय माँ को दिया और उन्हें प्रेरणा अपने पिता और बहन से प्राप्त हुयी। अविरल का भविष्य में अपने पिता और बहन जैसे सीए बनने का लक्ष्य है।

## इंजीनियर विवेक चौधरी के पुत्र प्रज्ञान चौधरी को 100 में से 100 नंबर



रामेश्वरम कॉलोनी उखरी निवासी प्रज्ञान चौधरी केंद्रीय विद्यालय त्ष्ष्ट्स्न नंबर 1 के छात्र ने 10th सीबीएसई की परीक्षा में 96% अर्जित किया। आपके गणित में 100 में से 100 नंबर आए हैं। आपके पिता इंजीनियर विवेक चौधरी (जिला सचिव विद्या भारती एवं कुर्मी पटेल समाज के जिलाध्यक्ष) माता श्रीमती प्रिया चौधरी को सफलता का श्रेय देते हैं। आप भविष्य में एस्ट्रो फिजिक्स के क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं।

## समर्थ खनेजा



12वीं कक्षा में पढ़ने वाले समर्थ खनेजा ने ह्यूमेनेटीज विषय में पढ़ाई करते हुए 90.6% अंक अर्जित करे हैं। वे पीएमश्री केवी सीएमएम विद्यालय में पढ़ते थे। उनकी सफलता पर पिता कपिल खनेजा और माता श्वेता खनेजा ने खुशी जाहिर की है।

## सशक्त हस्ताक्षर संस्था का वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर।** सशक्त हस्ताक्षर संस्था जो साहित्य, समाज, संस्कृति को समर्पित एवं गतिशील है का तृतीय वार्षिक कार्यक्रम कला वीथिका में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ. प्रथम चरण विराट कवि संगम काव्योत्सव के मुख्य अतिथि महामहोपाध्याय आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, अध्यक्षता बिलासपुर से पधारे डॉ. शिव शरण श्रीवास्तव अमल जी के सानिध्य में संपन्न हुआ. देश-प्रदेश से आये प्रसिद्ध कवियों ने काव्यपाठ किया. द्वितीय चरण के कार्यक्रम में सशक्त हस्ताक्षर स्मारिका तृतीय विशेषांक का विमोचन, अलंकरण, सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ।













## बल्देव बाग की अवस्थाएं लगा रही लंबा जाम

**जबलपुर,यश भारत।** मदन महल से दमोह नाका की ओर बना रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य तो बल्देवबाग, चेरीताल मार्ग पर पूर्ण हो चुका है। लेकिन बल्देवबाग चौराहे पर सिग्नल ना होने और परिजात बिल्डिंग के सामने बनी क्रॉसिंग राहगीरों के लिए आफ्त बन चुकी है। जहां एक ओर रोजाना ही बल्देवबाग चौराहे पर जाम की स्थिति बनती है तो वहीं पर पारिजात बिल्डिंग में क्रॉसिंग के समय ट्रैफिक जाम लग जाता है। जिसके कारण बल्देवबाग से लेकर दमोह नाका तक ट्रैफिक रेंगता हुआ नजर आ रहा है।


**डिजिटलाइजेशन**

## उच्च शिक्षा विभाग ने तैयार की योजना

# शास. कॉलेजों में तैयार होंगी 500 कंप्यूटरों की लैब

**जबलपुर, यशभारत।**

समाज में आईटी के बढ़ते चलन को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर के शासकीय विश्वविद्यालयों में अत्याधुनिक तकनीक से लैस 500 कम्प्यूटर की क्षमता वाली कम्प्यूटर लैब को शुरू करने की कवायद शुरू की है। बताया जाता है कि शासकीय विश्वविद्यालयों में सातों दिन चौबीस घंटे की तर्ज पर शुरू की जाने वाली इस कम्प्यूटर लैब को लेकर कुछ दिन पहले उच्च शिक्षा विभाग ने बैठक में अधिकारियों से सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को इसके लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए उच्च विभाग की योजना के मुताबिक रानी दुर्गावती विवि (आरडीयू) प्रशासन अत्याधुनिक तकनीक से लैस 500 कम्प्यूटर क्षमता वाली लैब के लिए स्थान खोज रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस लैब के लिए कम से कम दो



हाल 250-250 कम्प्यूटर की क्षमता वाले होने चाहिए। फिलहाल हाल कौन से होंगे, इसे लेकर अभी भी विवि मंथन में जुटा हुआ है। 200 कंप्यूटर की क्षमता वाली लैब का प्रस्ताव किया था तैयार बताया जाता है कि विवि ने कुछ माह पहले रूसा के तहत 200 कम्प्यूटरों की क्षमता वाली लैब को तैयार करने का प्रस्ताव तैयार किया था। इसके लिए भी विवि प्रशासन को एक बड़ा हाल तो मिल गया था, लेकिन फंड नहीं मिला। साथ ही अन्य समस्याओं के चलते यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया।

### लैब शुरू होने के फायदे

विवि अपने ही परिसर में सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं
तकनीक से छात्र-छात्राएं अपडेट होंगी।
ऑनलाइन करा सकेगा।
* डिजिटल मूल्यांकन के काम में तेजी आएगी और विवि की इसकी
* विवि कम्प्यूटर से संबंधित नए सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू कर सकेंगे।
निगरानी बेहतर ढंग से कर सकेंगे।
नई तकनीक के साथ नए कम्प्यूटर आने से नए सॉफ्टवेयर और डिजिटल कार्य के लिए विवि के अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षकों को एक ही स्थान पर एक साथ ट्रेनिंग दी जा सकेगी।






# महानगर स्तर का इलाज अब जबलपुर में, एशिया की प्रतिष्ठित अपोलो अस्पताल में मिलेगी कैंसर को मात







## अपोलो जेबीपी अस्पताल के उद्घाटन की विशेष झलकियां

कल शाम यहां पर उद्घाटन समारोह के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव निर्मित अस्पताल परिसर का भ्रमण किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ेरिया परिवार को दी शुभकामनाएं



अपोलो अस्पताल के उद्घाटन के बाद सौरभ बड़ेरिया को शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष राजकुमार पटेल, राजीव बड़ेरिया दृष्टव्य हैं।



















# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, कमिंस करेंगे कप्तानी



## कैमरन, कुहनेमैन शामिल

**मुंबई, यशभारत।** ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले माह इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिन (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पैट कमिंस की कप्तानी में उतरेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस मुकाबले के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। ऑस्ट्रेलिया को 11 जून से होने वाले इस खिताबी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है। ऑस्ट्रेलिया ने इस टीम में ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को भी शामिल किया है क्योंकि वह पीठ की सर्जरी से उबर गये हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अच्छा प्रदरश्न करने वाले सलामी बल्लेबाज सैम कॉन्स्टास ने भी टीम में जगह मिली है। बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन भी इस टीम में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने टीम की घोषणा करते हुए कहा, - हमें खुशी है कि कमिंस, जोश हैज़लवुड और कैमरन ग्रीन टीम में वापस आ गए हैं। टीम ने श्रीलंका में एक शानदार सीरीज जीत के साथ डब्ल्यूटीसी चक्र को समाप्त किया।,- उन्होंने आगे कहा, - श्रीलंका और भारतीय टीम के खिलाफ जीत से इन हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताब का बचाव करने का एक बेहद रोमांचक अवसर मिला है। फाइनल तक पहुंचना समूह के लिए बहुत अहम है और वे लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है-पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मैट कुहनेमैन, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर. रिजर्व- ब्रेंडन डॉगेट।

# दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं। इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है। उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे।. रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा। वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।



# इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए

**मुंबई, यशभारत।** होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा। मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए। टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।



# भारत-पाक तनाव के बीच कृति खरबंदा के मन में उठे सवाल



**मुंबई, यशभारत।** बालीवुड एक्ट्रेस कृति खरबंदा के मन में कुछ महत्वपूर्ण सवाल खड़े कर दिए हैं, जिन्हें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लोगों के साथ शेयर किया। भारत-पाकिस्तान के मौजूदा तनावपूर्ण हालात के मध्य इस पोस्ट को उन्होंने एक टाइटल दिया, ठीक होने का बोझ...। इस टाइटल का गहरा मतलब है, जब देश की सीमा पर तनाव हो, तब सुरक्षित और ठीक होना भी कभी-कभी अपराध बोध जैसा होता है। कृति खरबंदा ने लिखा, आज मैं दो भावनाओं के बीच फंसी हुई महसूस कर रही हूं। एक तरफ, मैं आभार महसूस कर रही हूं कि मैं सुरक्षित हूं और दूसरी तरफ गिल्ट है कि मैं सुरक्षित हूं, जबकि और लोग खतरे में हैं। क्या दोनों भावनाएं एक साथ महसूस करना संभव है? क्योंकि मैं ऐसा महसूस करती हूं, गहराई से। उन्होंने कहा कि जब वह बच्ची थीं, तब उन्होंने कभी भी कोविड-19 जैसी महामारी या युद्ध जैसे हालात की कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा, अब जब मैं बड़ी हो गई हूं, तो मुझे दुनिया की हकीकत कुछ हद तक समझ आने लगी है। लेकिन मेरे अंदर की जो छोटी बच्ची है, वह अब भी इस सबको समझने की कोशिश कर रही है और शायद वह कभी समझ नहीं पाएगी। कृति ने लिखा, मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं जो मौजूदा संकट से गुजर रहे हैं। क्या उन्होंने कभी इसकी कल्पना भी की थी? उन्हें आगे बढ़ने, सुरक्षा करने, लड़ने, शोक मनाने और फिर भी उम्मीद रखने की ताकत कहां से मिलती है? मुझे हमेशा से पता था कि अपने देश के लिए लड़ने का क्या मतलब है। लेकिन आज मुझे एहसास हो रहा है कि मैं शायद कभी नहीं समझ पाऊंगी कि इसके लिए क्या करना पड़ता है।अपने पोस्ट के आखिर में, कृति ने लोगों से पूछा कि क्या वह अकेली हैं जो ऐसा सोचती हैं?



# माधुरी दीक्षित की सादगी ने जीता था डॉक्टर नेने का दिल

**मुंबई, यशभारत।** साल 1999 में बालीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अमेरिका में बसे कार्डियोवैस्कुलर सर्जन डॉक्टर श्रीराम माधव नेने से शादी की। लेकिन इस खूबसूरत रिश्ते के बनने से पहले एक ऐसा मोड़ आया जब डॉ. नेने ने लगभग माधुरी से शादी करने का विचार ही त्याग दिया था। दरअसल, श्रीराम नेने उस समय लॉस एंजेलिस में रहते थे और हॉलीवुड इंडस्ट्री से अच्छी तरह वाकिफ थे। उनका अनुभव वहां के कलाकारों के साथ इतना अच्छा नहीं था कि वह किसी भी फिल्मी व्यक्ति के साथ रिश्ता जोड़ना चाहते। उन्होंने बताया कि वह मराठी बोलते थे लेकिन हिंदी नहीं आती थी और उन्होंने कभी हिंदी फिल्में देखी ही नहीं थीं। इस कारण जब माधुरी के नाम का प्रस्ताव आया तो उन्होंने पहले ही यह सोच लिया था कि वह किसी अभिनेत्री से शादी नहीं करना चाहते। उनका मानना था कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग अक्सर दिखावे में रहते हैं और ऐसे में वह एक सामान्य जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते थे। लेकिन चीजें तब बदलीं जब श्रीराम की मुलाकात माधुरी दीक्षित के भाई से हुई। वह बेहद सादगीपूर्ण और डाउन टू अर्थ व्यक्ति थे, जिन्होंने श्रीराम पर सकारात्मक प्रभाव डाला। इसी मुलाकात के बाद डॉ. नेने ने माधुरी से मिलने का फैसला किया और शायद उसी समय उन्होंने पहली बार माधुरी दीक्षित को गूगल किया। लेकिन जब वे मिले तो माधुरी की सादगी, विनम्रता और स्पष्टता ने उनका दिल जीत लिया। उन्होंने पाया कि माधुरी अपनी प्रसिद्धि के बावजूद एक बेहद साधारण और समझदार इंसान हैं। डॉ. नेने ने स्वीकार किया कि माधुरी का जमीन से जुड़ा स्वभाव, उनकी स्पष्ट सोच और फोकस्ड एटीट्यूड उन्हें बेहद पसंद आया। दोनों ने एक-दूसरे को किसी स्टार या डॉक्टर की नजर से नहीं, बल्कि एक इंसान के रूप में देखा और यही से एक मजबूत रिश्ता शुरू हुआ।



# फिल्म शुभम के साथ प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा समांथा ने

**मुंबई, यशभारत।** फिल्म शुभम के साथ एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु ने प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रख दिया है। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। एक्ट्रेस समांथा इस वक्त फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में समांथा रुथ ने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे उनके पिता के निधन के कुछ घंटो के बाद ही उन्हें एक फैन के साथ तस्वीर के लिए मुस्कुराना पड़ा था। समांथा ने कहा कि जब वो फोटो के लिए मुस्कुरा रही थीं तो उन्हें एहसास हुआ कि नॉर्मल लोगों से लोग ऐसे मौके पर हंसने की उम्मीद नहीं करते हैं। समांथा ने बताया, ÷मैं कभी तस्वीरों के लिए मना नहीं करती हूं क्योंकि ये वो लोग हैं जिन्होंने हमें वो बनाया है जो आज हम हैं। मुझे याद है हाल ही में दिसंबर में मुझे सुबह मेरी मां का फोन आया कि मेरे पिता का निधन हो गया है। मैं मुंबई से पहली फ्लाइट लेकर चेन्नई जा रही थी, मैं सदमे में थी क्योंकि कुछ वक्त से मेरी मेरे पिता से बात नहीं हुई थी। मैं फ्लाइट में सदमे में बैठी थी बिना किसी रिएक्शन के और मुझे याद है कि कुछ लोग थे जो मेरे साथ तस्वीर लेना चाहते थे और मुझे याद है मैं वहां खड़े होकर मुस्कुराते हुए तस्वीरें क्लिक करवा रही थी।समांथा ने आगे कहा, ऐसा है कि अगर आप तस्वीर क्लिक करवाने के लिए मना करते हैं तो वो आपका मेंटल स्टेट नहीं समझते हैं...किसी के पास जाकर फोटो क्लिक करवाने के लिए कहने में बहुत हिम्मत लगती है।

# पाक अभिनेत्री संग नहीं काम करेंगे हर्षवर्धन राणे



**मुंबई, यशभारत।** भारत-पाक में तनाव के बीच बालीवुड एक्ट्रेस हीना खान और देवोलीना भट्टाचार्य के पाकिस्तानी ट्रोलर्स को दिए झन्नाटेदार जवाब के बाद 'सनम तेरी कसम' स्टार हर्षवर्धन राणे ने भी एक कसम ली है! दोनों देशों के रिश्तों में आई तल्खी का असर सरहद पर ही नहीं, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री पर भी पड़ा है। डिजिटल युग में दोनों ओर से लोग अपने जज्बात सोशल मीडिया के जरिए जाहिर कर रहे हैं। एक्टर हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम के जरिए अपने फैसले से रूबरू कराया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि फिल्म में पाक कलाकार होंगे तो वह इसका हिस्सा नहीं बनेंगे और सीधे न कह देंगे। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में हर्षवर्धन ने 'सनम तेरी कसम 2' के लिए लिखा, मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी आज के समय में स्थिति है, उसे और मेरे देश के बारे में किए गए कमेंट्स को पढ़ने के बाद मैंने यह निर्णय लिया है कि यदि फिल्म में पुरानी कास्ट दोबारा शामिल होने जा रही है, तो मैं सनम तेरी कसम भाग 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा। बता दें, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर पाकिस्तानी कलाकारों ने तल्ख टिप्पणी दी थी। फिल्म सनम तेरी कसम में हर्षवर्धन के साथ काम कर चुकीं पाक अभिनेत्री मावरा ने भारतीय सशस्त्र बल के शौर्य और एक्शन पर नाराजगी जताई थी। मावरा ने ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना करते हुए कहा था कि निर्दोष नागरिकों की जान चली गई- अल्लाह हम सबकी रक्षा करे, हमला करने वालों को सदबुद्धि आए।




# फिल्म भूल चूक माफ अब सिनेमाघरों में नहीं होगी रिलीज

**मुंबई, यशभारत।** बालीवुड एक्टर राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को रिलीज होने वाली थी। अब भारत-पाकिस्तान तनाव की स्थिति को देखते हुए मेकर्स ने फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं करने का फैसला लिया। अब अपने इस फैसले की वजह से मेकर्स लीगल पचड़े में फंस गए हैं। पीवीआर सिनेमाज ने मैडॉक प्रोडक्शन हाउस के ऊपर 60 करोड़ का मुकदमा ठोका है। पीवीआर सिनेमाज का दावा है कि फिल्म को सिनेमाघरों में ना रिलीज करने के अचानक लिए गए फैसले से पीवीआर को काफी नुकसान हुई है। इस वजह से ही उन्होंने दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स पर केस किया है। पीवीआर के सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने कंफर्म किया कि दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस के खिलाफ 60 करोड़ का मुकदमा दायर किया गया है। मैडॉक फिल्म्स ने अभी इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बता दें, 9 मई को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले मैडॉक फिल्म्स की ओर से ऐलान किया गया कि देशभर में सिक्यूरिटी ड्रिल्स को देखते हुए फिल्म अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। इसी के साथ प्रोडक्शन हाउस ने कहा कि फिल्म अब सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। फिल्म अब 16 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।ह्य

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत एक की हालत गंभीर

## शादी समारोह से लौटते समय हादसा




**जबलपुर यशभारत।** पाटन थाना क्षेत्र में बीती रात रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतकों की पहचान अतुल कुशवाहा और सचिन दहिया के रूप में हुई है, वहीं गंभीर रूप से घायल युवक का नाम श्रीकांत कुशवाहा है। उक्त हादसा उस समय हुआ जब बाइक सवार शादी समारोह से अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद से वाहन चालक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक शहपुरा से पाटन अपने गांव जुगतरा लौट रहे थे। रात के समय जब उनकी बाइक ग्राम धनेटा के पास पहुंची, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक रात के समय मार्ग सुनसान होने की वजह से हादसे के बाद घायल युवक काफी देर तक सड़क किनारे ही पड़े रहे। जब कुछ ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत 108 एम्बुलेंस और पाटन थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो युवकों को मृत पाया, जबकि श्रीकांत कुशवाहा को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बुधवार सुबह मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर उन्हें परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार वाहन की पहचान के लिए शहपुरा और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# हैवानियत-दरिंदगी संस्कारधानी पर लगा रही दाग

## 14 वर्षीय नाबालिक 5 दिन से लापता, परिवार ने बदमाश पर लगाया अपहरण का आरोप

### लापता बच्चियों को ढूंढने में पुलिस की लेटलतीफी दे रही गंभीर अपराधों को जन्म




**जबलपुर यश भारत।** संस्कारों से भरी संस्कारधानी में हैवानियत और दरिंदगी की वारदातें शहर को दागदार कर रही है। महिलाओं, बच्चियों की सुरक्षा के लिए भले ही लाख दावे कर लिए जाए लेकिन हकीकत कुछ और ही है। हालात तो ऐसे बन गए है कि वे न तो घरों में महफूज है और न घर के बाहर सुरक्षित है। दरिंदें फूल जैसी मासूम बच्चियों तक को हवश का शिकार बना रहे है। जबकि कई तो ऐसी भी हैवानियत की वारदातें होती जो थानों की चौखट तक बदनामी के डर से नहीं पहुंच पाती हैं। अगर मामले थाने की चौखट तक पहुंच भी जाए तो कई ऐसे मामले सामने आ चुके है जिसमें बेखौफ आरोपी पीड़ित को या तो डराते धमकाते है, या गवाहीं बदलने का दबाव बनाते नजर आते है।ऐसा ही मामला लार्डगंज थाने में घटित होता दिख रहा है जहां एक नाबालिक पिछले 5 दिन से लापता होने के बाद से उसके परिवार की स्थिति बेसुध हो गई है । परिवार ने पुलिस पर आरोप लगाया कि जिस व्यक्ति पर उन्हें शक है पुलिस को उसके बारे में वे सब बता चुके हैं फिर भी पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है और 5 दिन बीत गए मामला जस का तस बना हुआ है। मामले को लेकर लार्डगंज थाना प्रभारी का कहना है कि मामला थाने में पंजीबद्ध है हमारी टीमें मामले में नजर बनाए हुए हैं जल्दबाजी में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

उजारपुरवा बस्ती का मामला -पीड़ित बाजार पूर्व बस्ती के हैं जिनकी बच्ची 13 वर्षीय 5 दिन पहले से घर से गायब है पीड़ित परिवार का कहना है कि बंगाली टाइगर नाम की कडेड युवा जिसके पूछ से ही दो बच्चे हैं और वह शादीशुदा हैं वह उसे साउथ में वैल्यू नामक शहर ले गया है और वहां से लगातार इंस्टाग्राम में वीडियो भी डाल रहा है यह सारी बातें पुलिस को बताई जा चुकी हैं फिर भी पुलिस ने अभी तक कार्रवाई नहीं की है।

### एक महीने में लगातार 6 से 7 ऐसी घटना

पिछले अप्रैल माह में कुछ ऐसी 6,7 वारदातें समाने आई जिसमें इस प्रकार दरिंदगी की गई जहां कोतवाली थाना क्षेत्र में सगे मामा ने दस साल की भांजी के साथ दरिंदगी की। मझगवां थाना क्षेत्र में साढ़े चार साल की मासूम को पड़ोसी ने हवस का शिकार बनाया। गढ़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ मंडला में गैंगरेप हुआ। गोहलपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली 15 साल की बालिका के घर में घुसकर युवक ने दुष्कर्म किया।

### कोड रेड के बाद शक्ति टॉक्स फोर्स गायब

बालिकाओं, महिलओं को सुरक्षा का एहसास दिलाने शहर में नवाचार तो हुए लेकिन समय के साथ बंद कर दिए गए। एक समय था जब कोड रेड के सामने शोहदे थरथर कांपते थे। लेकिन कोड रेड पुलिस सडक़ों से गायब हो गई। इसके बाद जबलपुर को छेड़छाड़ मुक्त करने और बेटियों के लिये सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में 8 अप्रैल 23 को कोड रेड की तर्ज पर शक्ति टास्क फोर्स का गठन हुआ। टीमें शोहदों को सबक सिखाने और महिला, युवतियों, बालिकाओं को सुरक्षा का अहसास दिलाने भ्रमण करती थी लेकिन चंद दिनों बाद ये फोर्स भी सडक़ों से गायब हो गया।









# बीती शाम-बेतरतीब जाम



## उखरी तिराहा से अहिंसा चौक तक पहुंचने में लग गया एक घंटा,वाहन चालक और राहगीर हुए परेशान

**जबलपुर यशभारत।** शहर की अराजक हो चुकी यातायात व्यवस्था के कारण जाम लगना अब आम बात हो गई है। मंगलवार की शाम उखरी तिराहा से लेकर अहिंसा चौक तक लगे भीषण जाम के कारण काफी देर तक यातायात अव्यवस्थित रहा। वाहन चालकों को जहां अपने वाहन निकालने कड़ी मसक्कत करनी पड़ी वहीं राहगीरो को भी परेशानी उठानी पड़ी। और यह अव्यवस्था काफी देर तक बनी रही। जिसके कारण लोग लोग शहर की अराजक हो चुकी यातायात व्यवस्था को कोसते नजर आए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उखरी तिराहा के आसपास अराजक यातायात के कारण कई हादसे भी हो चुके हैं।

### शाम 5 बजे से लेकर 10 बजे तक ट्राफिक कर्मियों की जरूरत

उखरी तिराहे पर जिस तरह से हादसे हो रहे हैं अगर उसे रोकना है तो इसके लिए ठोस प्लानिंग तैयार करनी होगी। विजय नगर से लेकर अहिंसा चौक तक शाम 5 बजे से लेकर 10 बजे तक ट्राफिक कर्मियों को खड़ा करना होगा जिनका काम ट्राफिक को कंट्रोल करना होगा। अगर ऐसा होता है तो निश्चित रूप से उखरी में हादसे नहीं होंगे।



**अतिक्रमण करने की होड़-** रिहाइशी इलाकों में शुमार विजय नगर एरिया खुली चौड़ी सड़कों और कुछ सलीके के एरिया के रूप में जाना जाता था, पर कुछ समय से इस पूरे क्षेत्र में अतिक्रमण करने की होड़ मची है। इसकी सड़कों के किनारे, विशेष तौर पर चौराहों पर पीक आवर्स में निकलना केवल इसलिए मुश्किल हो रहा है कि यहाँ पर अस्थायी कब्जे बेतहाशा बढ़ गए हैं। उखरी के आगे से जो कब्जे शुरू होते हैं तो अग्रसेन चौक, अहिंसा चौक, स्टेट बैंक चौराहा और आगे दीनदयाल चौक तक कब्जों से बदतर स्थिति निर्मित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि नगर निगम का अतिक्रमण हटाने वाला दस्ता सालों से इस हिस्से में नजर नहीं आया है, जिससे इस पूरे क्षेत्र में कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। लोगों को निकलने का रास्ता मिल पाता है या नहीं, इससे कब्जा करने वालों को कोई वास्ता नहीं है, बस सड़क को कब्जाने की होड़-सी मची हुई है।

### एक भी हिस्सा कब्जों से नहीं बच सका पूरे विजय नगर एरिया में

फोरलेन सड़क सर्विस रोड के साथ है, लेकिन मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड को भी अस्थायी अतिक्रमणों ने निगल लिया है। एक हिस्से की सर्विस रोड को अस्थायी चौपाटी ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। इस एरिया में जो भी सर्विस रोड हैं, उनमें ट्रैफिक पूरी तरह से इसलिए चालू नहीं है, क्योंकि इनमें हर कुछ सौ मीटर के बाद बाधा है। कहीं निर्माणाधीन मकानों की सामग्री पड़ी है तो कहीं इस तरह से सर्विस रोड पर कब्जा किया कि उसको अघोषित रूप से ब्लॉक ही कर दिया गया है।जिसके कारण इस तरह की स्थिति निर्मित होती है।

# सिर कटी लाश मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**जबलपुर यशभारत।**बीती शाम गोहलपुर थानांतर्गत कृष्णा कॉलोनी नंदन विहार के समीप झाड़ियों में सिर कटी लाश पड़ी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू करते हुए मर्ग कायम कर लिया।अब पूरे मामले में पुलिस के साथ पूरे शहर की भी नजर लगी हुई है कि आखिर यह मामला घटित हुआ कैसे जिसको लेकर पुलिस भी अभी कुछ भी नहीं कह पा रही है पुलिस का कहना है कि हम मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कह पाएंगे। जानकारी के मुताबिक त्रिमूर्ति नगर स्थित कृष्णा कॉलोनी नंदन विहार के समीप खाली प्लॉट से दुर्गंध आ रही थी। जब रहवासियों को शक हुआ तो मंगलवार शाम पांच बजे प्लॉट तक पहुंचे जब उनकी नजर झाडियों की तरफ गई तो नाले में क्षतविक्षिप्त लाश पड़ी मिली। धड़ पड़ा था उसका सिर नहीं था। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम घटना स्थल पर पहुंच गई और जांच पड़ताल करने के बाद शव को बाहर निकाला गया।

### धड़ पीएम के लिए भेजा, सिर की तलाश

सिर कटी लाश मिलने से स्थानीयजनों की भीड़ भी बड़ी संख्या में जुट गई थी। पुलिस ने धड़ को पीएम के लिए मेडिकल भेज दिया। इसके साथ ही मर्ग कायम कर सिर की तलाश शुरू कर दी। देर रात तक पुलिस छानबीन में लगी रही लेकिन सिर नहीं मिला।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. प्लांट 18 इंडस्ट्रियल एरिया रिछाई, जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक प्रवीण अग्रहरि, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे
RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.co.in। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 ( न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )